
## महान बॉक्सिंग चैंपियन

# मुहम्मद अली



## अध्याय 1

# चैंपियन का जन्म




क्ले ने मार्टिन के साथ बॉक्सिंग की ट्रेनिंग शुरू की. छह हफ़्तों के बाद, क्ले ने अपनी पहली लड़ाई लड़ी और वो जीती.
मैं एक दिन दुनिया का चैंपियन बनूँगा! फिर मैं एक नई कार और एक घर खरीद सकूंगा ...
खैर पहले तुम कुछ और ट्रेनिंग लो. तुम्हें अभी एक लंबा सफर तय करना है.
क्ले ने अपनी क्षमता और शक्ति को बढ़ाने के लिए मीलों दौड़ लगाई. उसने सप्ताह में छह दिन जिम में कसरत की. 17 साल की उम्र तक, क्ले ने कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतीं.
SHUNGKK!
मैं अपनी गति का उपयोग करता हूँ. मैं सबसे तेज हूँ.
मैंने किसी बॉक्सर को अपने पैरों को इतनी तेजी से चलाते नहीं देखा. उसके हाथ बिजली की तरह हिलते हैं!


1960 में, क्ले को रोम ओलंपिक में अमेरिकी टीम के लिए एक हेवीवेट मुक्केबाज के रूप में चुना गया.
मैं उड़ने से बहुत डरता हूं.
तुम्हें अपने इस डर पर काबू पाना होगा.
फिर मैं एक पैराशूट पहनकर जाऊंगा.
रोम में, क्ले ने अपने पहले तीन मुकाबले जीते. फिर उसने स्वर्ण पदक के लिए संघर्ष किया.
मुझे स्वर्ण पदक मिला है!
वापस संयुक्त राज्य अमेरिका में, क्ले ने अपनी कविताओं का पाठ किया.
अमेरिका को सबसे बड़ा बनाना मेरा लक्ष्य है, इसलिए मैंने एक रूसी को हराया, और एक पोल को हराया, और अमरीका के लिए स्वर्ण पदक जीता.


अपने अंतिम ट्रेनर एंजेलो डंडी से मिलने से पहले क्ले के कई अलग प्रशिक्षक थे.
ट्रेनर ने मुझे रिंग में धीमा होने के लिए कहा था.
नहीं, तुम अपनी गति का उपयोग करो. वही तो तुम्हारी सबसे बड़ी कुशलता है.
क्ले, शेखी बघारने के लिए भी काफी प्रसिद्ध थे.
क्ले ने अपनी शेखी को पदकों में बदला. 1964 में उन्होंने 19 पेशेवर बॉक्सिंग मैच जीते.
इस आदमी को मैं हरा दूंगा
कोई आश्चर्य नहीं कि लोग उसे "लुइसविले लिप" बुलाते हैं.
मुझे लिस्टन दो! मुझे लिस्टन चाहिए!
सन्नी लिस्टन एक शक्तिशाली मुक्केबाज और दुनिया का हैवीवेट चैंपियन था.
तुम बहुत बदसूरत हो. मैं साबित करूगा कि मैं महान हूं.
तुम पागल हो! जल्द ही चित्त हो जाओगे.
8

बॉक्सिंग विशेषज्ञों का मानना था कि क्ले पराजित होगा. यहां तक कि क्ले को भी उस बात की शंका थी.
यार, लिस्टन मजबूत दिखता है.
CCHOMMPP!!
लिस्टन इतना ताकतवर नहीं है.
सात राउंड के बाद ... ..
मैं सबसे महान हूँ!
मैं अब और नहीं सह सकता. मैं रिंग छोड़ता हूं
क्ले अब दुनिया का हैवीवेट चैंपियन था!
EVERLAST

## अध्याय 2

# अब चैंपियन नहीं








1966 तक, अमेरिका, वियतनाम-युद्ध में डूब चूका था. सभी को अमेरिकी सेना में शामिल किया जा रहा था.
धर्म, युद्ध का विरोध करता है जब तक कोई आप पर हमला न करें.
ये सही है. मेरा वियतनामी लोगों के साथ कोई झगड़ा नहीं है.
जब सेना की सेवा करने से अली के इंकार किया तो उससे अमेरिकियों का गुस्सा बढ़ा. कुछ लोग उसे पहले से ही नापसंद करते थे.
कायर, काश तुम्हें सेना वियतनाम में लड़ने भेजे!
मैं वही कर रहा हूं जो मुझे सही लगता है, फिर लोग मुझ से क्यों गुस्सा हैं?
मैं सेना में भाग लेना नहीं चाहता. यह युद्ध गलत है.
क्या मुक्केबाजी हिंसक नहीं है?
बॉक्सिंग एक खेल है. वहां मैं किसी को जान से नहीं मारता हूं.
युद्ध का विरोध करने वाले युवा लोग, अली को एक नायक के रूप में देखने लगे. लेकिन कई अमेरिकी - काले और गोरे उसके विचारों से असहमत थे.
अली ने तर्क दिया कि धार्मिक मान्यताओं के कारण उसे सैन्य सेवा से दूर रखा जाए. 1967 में, सरकार ने अली के दावे को खारिज कर दिया.
REJECTED
28 अप्रैल को, अली ने टेक्सास में एक सैन्य अड्डे पर जाकर रिपोर्ट किया.
आप अमेरिकी सेना में प्रवेश करने के लिए यहां आये हैं. नाम पुकारे जाने के बाद आप आगे कदम बढ़ाएं.
कैसियस मार्सेलस क्ले!
वो मेरा नाम नहीं है. मैं आगे नहीं आऊंगा.
सेना में भर्ती से इनकार के लिए अली गिरफ्तार हुआ.
युद्ध में लड़ने की बजाए मैं जेल जाना पसंद करूंगा. मेरा मानना है कि यह युद्ध गलत है.


सेना में शामिल होने से इनकार करने के लिए अली को बड़ा नुक्सान उठाना पड़ा.
न्यूयॉर्क राज्य मुक्केबाजी आयोग ने तुम्हारा मुक्केबाजी का लाइसेंस और तुम्हारी चैम्पियनशिप छीन ली है.
मैं उसके साथ जी सकता हूं, एंजेलो. मेरे लिए मुक्केबाजी की तुलना में मेरा धर्म अधिक महत्वपूर्ण है.
जल्द ही, सभी राज्यों ने अली की बॉक्सिंग पर पाबन्दी लगा दी. कुछ खिलाड़ी और राजनेताओं ने अली को देशद्रोही भी बुलाया. लेकिन मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने अली का समर्थन किया.
उसने शोहरत छोड़ दी है. वो अपनी मान्यताओं पर अड़ा है और लाखों डॉलर का नुक्सान सहने को तैयार है.
20 जून, 1967 को, अली को अमेरिकी सेना में सेवा देने से इनकार करने का दोषी पाया गया. जज ने उसे सजा सुनाई.
जेल में पांच साल और $ 10,000 का जुर्माना!
अली के वकीलों ने निर्णय की अपील की. उस दौरान, अली ने एक अन्य पूर्व चैंपियन, रॉकी मार्सियानो के साथ मिलकर एक फिल्म बनाई.
अगर असली मैच नहीं, तो यही सही?
बॉक्सिंग रिंग मुझे अच्छा लगता है.
1970 तक, बहुत से लोगों ने वियतनाम युद्ध का विरोध किया. अब लोग अली के बारे में अपनी राय भी बदलने लगे.
जॉर्जिया राज्य ने आपको बॉक्सिंग की इज़ाज़त दी है
BBBONNNK!
26 अक्टूबर 1970 को, अली ने जेरी क्वारी को हराया. अगले साल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 1967 का अपना दोषी फैसला खारिज कर दिया.
मैं अब भी सबसे महान हूं. मैं फिर से चैंपियन बनूंगा!

अध्याय 3

# नीचे से उपर तक










अगले दो वर्षों में, अली ने 10 सीधी लड़ाईयां जीतीं. अधिकांश विरोधी महान बॉक्सर नहीं थे. लेकिन 1973 में, अली ने केन नॉर्टन का सामना किया. दूसरे दौर में...
THOMMPP!
उसने तुम्हें अच्छा मारा.
तुम्हारा जबड़ा टूट गया है.
मैं लड़ाई रोक रहा हूं.
अली, नॉर्टन से लड़ाई हार गया, पर रीमैच में उसने उसे हराया.
1974 में, अली ने जो फ्रेज़ियर के साथ रीमैच लड़ा. फ्रैजियर अब विश्व चैंपियन नहीं था, लेकिन अली अभी भी उससे बदला लेना चाहता था.
सभी जजों ने अली को विजेता घोषित किया.
लेकिन वो कोई बड़ी लड़ाई नहीं थी - पहली वाली लड़ाई जैसी बिलकुल नहीं.




इसके बाद, अली ने हेवीवेट चैंपियन, जॉर्ज फोरमैन से लड़ने के लिए ट्रेनिंग की. इस लड़ाई, को "रंबल इन द जंगल" कहा गया, अफ्रीकी देश ज़ैरे में हुई. अफ्रीका में, लोगों ने अली के हर कदम को गौर से देखा.
आप फोरमैन से कैसे टक्कर लेंगे? वो छोटा और मजबूत है.
मंडराओ तितली की तरह, डंक मारो किसी मधुमक्खी की तरह. अली ने प्रतिद्वंदी की खूब पिटाई की.
अली ने "रोप-और-डोप" की नई रणनीति अपनाई.
KRUNCHH!!
झूलते रहो, फोरमैन. तुम जल्द ही थक जाओगे.
PPPOOWWW!
अली ने आठवें राउंड में फोरमैन को नॉकआउट किया और हैवीवेट चैम्पियनशिप हासिल की.
जब हम आये थे तब अली अमेरिका के थे. अब वो पूरे दुनिया के बन गए थे.


1 अक्टूबर, 1975 को अली ने फिलीपींस के मनीला में अपने प्रतिद्वंद्वी जो फ्रैजियर से मुलाकात की. लड़ाई को "थ्रिलर इन मनीला" कहा गया.
ROUND 3
ROUND 7
ROUND 11
14 वें राउंड के अंत में, दोनों बॉक्सरस की बुरी तरह पिटाई हुई.
ठीक है, एंजेलो, मेरे दस्ताने उतार दो. मैं अब और नहीं झेल सकता.
रहने भी दो. तुम ज़रूर जीतोगे!
पर वो मौका नहीं आया. फ्रेजियर ने रिंग छोड़ दिया.


अगले दो वर्षों में, अली ने छह बार अपने खिताब का बचाव किया. लेकिन रिंग के बाहर अली को कुछ अजीब लगा
हर सुबह जब मैं उठता हूं और मेरा हाथ झनझनाता है.
और आप कुछ हकला भी रहे हैं, चैम्प!
लोगों का अली में आये बदलाव पर ध्यान गया.
अली को उसे नष्ट करना चाहिए, लेकिन वो भयानक लगता है.
चैंपियन अब बूढ़ा हो रहा है.
1978 को अली, लियोन स्पिंक्स से लड़ा. अली ने कड़ी ट्रेनिंग नहीं की.
उसने उसकी कीमत चुकाई.
PPPOOOMMM!!



अगली सुबह, अली पहले से ही रीमैच के लिए तैयार था.
मुझे अपना टाइटल वापस पाना है.
सात महीने बाद, अली-स्पिंक्स के रीमैच को देखने के लिए 63,000 से अधिक लोगों की रिकॉर्ड भीड़ इकट्ठा हुई. ज़्यादातर ने अली के लिए तालियां बजायीं.
15 राउंड के बाद....
दुनिया का पहले तीन बार के हैवीवेट चैंपियन अली फिर जीता!
स्पिंक्स की लड़ाई के बाद, अली ने मुक्केबाजी से संन्यास ले लिया.
लेकिन बाद में 1980 में, अली ने नए चैंपियन लैरी होम्स से लड़ने के लिए रिंग में वापसी की.
मैंने अभी तक यह तय नहीं कर पाया हूँ कि मैं होम्स से एक, या दो हाथों से लड़ूं.
अली अब 38 साल के थे जबकि होम्स छोटा और तेज था. इस बार, अली, होम्स को हरा नहीं सका. 11 राउंड का अलर्ट ...
यही असलियत है. अब आप और नहीं लड़ सकते.
11 दिसंबर 1981 को, अली, ट्रेवर बर्बिक के हाथों हारा. फिर अली ने रिटायरमेंट की घोषणा की.
क्या फिर से लड़ोगे अली?
मेरा करियर समाप्त हो चुका हूं, यह अंतिम मैच है.
इस बार, अली ने अपनी बात पर कायम रहे. उन्होंने फिर कभी बॉक्सिंग नहीं की.

अध्याय 4

# दुनिया का सबसे महान










अली ने दूसरों की मदद के लिए पूरी दुनिया की यात्रा की. 1990 में, अली ने इराक की सरकार को अमेरिकी बंधकों की रिहाई के लिए मना लिया.
हमारी रिहाई में मदद के लिए धन्यवाद, मुहम्मद. हम आपका कैसे धन्यवाद दें?
आप सुरक्षित हैं यही मेरे लिए पर्याप्त है.
1996 में, अली को अटलांटा, जॉर्जिया में ग्रीष्मकालीन खेलों में ओलंपिक लौ जलाने लिए बुलाया गया.
मैं नहीं कर सकता. मेरा पार्किंसंस काफी बुरा है.
पूरी दुनिया आपके काम के लिए धन्यवाद देना चाहती है.
भीड़ को जब पता चला कि अली ओलंपिक ज्योति रोशन करेंगे तो सभी लोग तालियां बजाने लगे.
चार साल बाद उन्होंने अफगानिस्तान का दौरा किया. अपनी बीमारी की वजह से अली को अब बोलने में भी परेशानी होती थी. यहाँ मिस्टर अली का संदेश है
1998 में संयुक्त राष्ट्र ने अली को "मैसेंजर ऑफ पीस" का ख़िताब किया.
आप लोग अफगानिस्तान की आत्मा हैं.
अपनी बीमारी के बावजूद, अली साल में 200 दिन यात्रा करते थे. वह दान करने के लिए कलाकृतियां और ऑटोग्राफ भी बेचते थे.
आप क्या चित्र बना रहे हैं?
वो फ्रैजियर है और यह मैं हूं.
मेरा जीवन अब शुरू हुआ है.
अली ने प्रसिद्धि जीतने के लिए अपने मुक्केबाजी कौशल का इस्तेमाल किया. उन्होंने लोगों को खुश किया और उनका विश्वास जीता. दुनिया भर के लोगों के लिए, वो हमेशा "दुनिया के सबसे महान" बने रहेंगे.

# मुहम्मद अली

- मुहम्मद अली का जन्म कैसियस क्ले के नाम से 17 जनवरी, 1942 को हुआ था. मुहम्मद नाम के व्यक्ति ने 622 ईस्वी में इस्लामिक धर्म की स्थापना की थी.
- मुहम्मद नाम का अर्थ है "प्रशंसा के योग्य." अली एक मुस्लिम नेता का नाम था. उस नाम का अर्थ है "सबसे ऊँचा."
- रस्सी-ए-डोप के साथ, अली ने बॉक्सिंग में एक नई गति का आविष्कार किया जिसे "अली-शफल“ कहा गया. उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को भ्रमित करने की कोशिश करने के लिए अपने पैरों को तेज़ी से आगे-पीछे किया.
- अली ने 56 जीत और पांच हार के रिकॉर्ड के साथ अपने पेशेवर मुक्केबाजी करियर का अंत किया. उन्होंने अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़कर 37 फाइट जीतीं.
- अली के नौ बच्चे हैं. उनकी बेटी लैला एक पेशेवर बॉक्सर भी हैं.
- प्रोफेशनल बॉक्सिंग में 17 अलग-अलग वेट डिवीजन होते हैं. सबसे हल्का विभाजन 105 पाउंड (48-किलोग्राम) के मुक्केबाजों के लिए है. हैवीवेट डिवीजन मुक्केबाजों के लिए वजन 190 पाउंड (86 किलोग्राम) से अधिक होता है.
- अली को लोगों को जादू दिखाने में मजा आता था, लेकिन जब कभी वो ऐसा करते थे तो वह हमेशा लोगों को उन चालों के पीछे के तर्क बताते थे. मुसलमानों का मानना है कि उन्हें दूसरों को धोखा देने की कभी भी कोशिश नहीं करनी चाहिए.
- आज डॉक्टरों का मानना है कि पार्किन्सन सिंड्रोम के बजाय अली को पार्किंसंस बीमारी थी. वह बीमारी ठीक नहीं हो सकती थी. दवा, रोग के झटकों को नियंत्रित करने में मदद कर सकती थी.
- 2003 में **GOAT (ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम)** नामक अली के बारे में एक पुस्तक जारी की गई. उसकी सिर्फ 10,000 प्रतियां छापी गई थीं. प्रत्येक पुस्तक का वजन 75 पाउंड (34 किलोग्राम) था और हरेक पुस्तक पर अली के हस्ताक्षर थे. पुस्तक की कुछ प्रतियां 12, 500 डॉलर तक में बिकीं.
- 2005 में, मुहम्मद अली सेण्टर, लुइसविले, केंटकी में खोला गया. यह केंद्र, सम्मान और आशा को बढ़ावा देने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करता है.
- 2005 में, राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने अली को "प्रेसीडेंट्स मेडल ऑफ फ्रीडम" दिया. यह पदक अमेरिकी नागरिकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है.



**समाप्त**